# स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

## जवाहर व्यापार भवन, टालस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली

**(टेलीफोन नं. 23313177)**

**(सामान्य प्रशासन प्रभाग)**

**( स्टाफ कार कक्ष )**

<u>निविदा सूचना सं. एसटीसी/एनडी/निपटान/पुरानी कारें/2015 -16</u>

एसटीसी निम्नलिखित प्रयोग की हुई / पुरानी स्टाफ कारों के निपटान हेतु इच्छुक खरीदारों से बंद लिफाफे में निविदाएँ आमंत्रित करता है:-

| क्रम सं. | कार की पंजीकरण संख्या | मेक | मॉडल | तक कवर किया गया बीमा |
|---|---|---|---|---|
| 01. | डीएल 3 सी बीई-9363 | हुंडई एसेंट जीएलएस | 2004 | 10.11.2015 |
| 02. | डीएल 3 सी एडी -4867 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई | 2005 | 07.10.2016 |
| 03. | डीएल 3 सी एडी -3792 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई | 2005 | 13.5.2016 |
| 04. | डीएल 2 सीपी -1829 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई | 2003 | 13.5.2016 |

संयुक्त महा प्रबंधक, सामान्य प्रशासन प्रभाग के पते पर बंद लिफाफे में जिस पर "प्रयोग की हुई / पुरानी कार के लिए निविदा", लिखा हो, निविदाएँ निविदा बॉक्स में डालनी चाहिए। निविदाओं की प्राप्ति की अंतिम तारीख 24 नवम्बर, 2015 को अपराह्न 3.30 बजे तक है । निविदा बॉक्स एसटीसी के स्वागत कक्ष में 24.11.2015 को प्रात: 10.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे के मध्य उपलब्ध रहेगा । निविदा बॉक्स में प्राप्त निविदाएँ उसी दिन 24.11.2015 को अपराह्न 4.00 बजे निविदाकर्ताओं / उनके उन प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी, जो उस दिन उपस्थित होने के इच्छुक हैं ।

<u>निविदा की शर्तें और नियम</u>

1. स्टाफ कार "जैसी है जहाँ है" आधार पर बेची जाएगी और एसटीसी द्वारा इनके सड़क पर चलने योग्य होने या क्वालिटी आदि की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी ।
2. निविदाकर्ताओं को एक या अधिक कारों के लिए निविदा करने की अनुमति है । तथापि, प्रत्येक कार के लिए अलग निविदा फार्म भरना होगा ।

3. प्रति कार निविदा फार्म की लागत रूपए 200/- प्रति कार प्रति फार्म 5 प्रतिशत की दर से वैट सहित होगी । निविदा फार्म श्री सुरेश कश्यप, उप प्रबंधक(प्रशासन), स्टाफ कार कक्ष, भूतल, जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टाय मार्ग, नई दिल्ली से 09.11.2015 से 24.11.2015 तक कार्यदिवसों में 200/- रूपए प्रति फार्म के भुगतान पर खरीदा जा सकता है । तथापि, 200/- रूपए प्रति कार का एक डिमांड ड्रॉफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना होगा यदि निविदा कागज़ात वेबसाइट से डाउनलोड किए जाते हैं ।
4. सभी निविदाकर्ताओं द्वारा प्रत्येक कार के लिए ईएमडी के रूप में "स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड" के पक्ष में नई दिल्ली में देय रूपए 5,000/- की राशि का एक डिमांड ड्रॉफ्ट/ पे आर्डर/ बैंकर चेक / प्रबंधक चेक संलग्न किया जाना चाहिए । ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा ।
5. ईएमडी के बिना प्राप्त निविदा तत्काल रद्द कर दी जाएगी ।
6. निविदाएँ उनके खुलने की तारीख से न्यूनतम 60 दिनों के लिए वैध होंगी ।
7. कर / वैट लागू दरों पर अलग से लिए जाएंगे । वाहनों के स्वामित्व के तबादले में आया कोई खर्च केवल सफल निविदाकर्ता द्वारा ही वहन किया जाएगा ।
8. वाहन को उठाने में आए मजदूरी, परिवहन और अन्य खर्चे निविदाकर्ताओं द्वारा उनके अपने जोखिम, लागत और जिम्मेदारी पर वहन किए जाएंगे ।
9. निविदाकर्ताओं को अपनी दरें शब्दों और अंकों में स्पष्ट रूप से ऑफर करनी चाहिए । बिना सत्यापन के दरों में किसी ओवरराइटिंग या किसी परिवर्तन और / या फेरबदल से निविदा तत्काल रद्द कर दी जाएगी । शब्दों और अंकों में निर्दिष्ट राशि के बीच किसी गलती के मामले में, उच्चतर दो पर विचार किया जाएगा ।
10. असफल निविदाकर्ताओं की ईएमडी निविदा के बंद होने से 7 दिनों के भीतर लौटा दी जाएगी ।
11. सफल बोलीकर्ता / निविदाकर्ता को एसटीसी द्वारा आबंटन पत्र की तारीख से 3 कार्यदिवसों के भीतर भुगतान करना होगा । इसी प्रकार उन्हें बैंक ड्राफ्ट द्वारा पूरा भुगतान करने के बाद 3 कार्यदिवसों के भीतर कार उठानी होगी अन्यथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी ।
12. एसटीसी से कार खरीदने पर, खरीदार को इसे अपने नाम में जल्दी-से-जल्दी किन्तु खरीदने की तारीख से एक महीने से अधिक नहीं, बदलवाना होगा, तथा एसटीसी को इसका प्रमाण प्रस्तुत करना होगा । ईएमडी तबादले के प्रमाण की प्राप्ति पर ही लौटाई जाएगी ।

13. वाहन का तबादला केवल सफल निविदाकर्ता के नाम में होगा और इसे किसी अन्य नाम में बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

14. ऑफर, निवास के प्रमाण यानि मतदाता पहचान पत्र / राशन कार्ड / पासपोर्ट या निविदाकर्ता द्वारा उसके फोटो के साथ दिए गए किसी अन्य प्रामाणिक कागजात के साथ प्रस्तुत किया जाए ।

15. केवल निविदा बॉक्स के डाले गए ऑफरों पर ही विचार किया जाएगा । निविदा की डिलीवरी का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा ।

16. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।

17. इस निविदा के संबंध में किसी अन्य पूछताछ के लिए श्री सुरेश कश्यप, उप प्रबंधक (प्रशासन) से किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10.30 से सायं 5.30 बजे के बीच फोन नं. 23462293 पर सम्पर्क किया जा सकता है । कारें निरीक्षण के लिए हमारे कार्यालय परिसर में 24 नवम्बर, 2015 को प्रात: 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी ।

18. एसटीसी को किसी भी वाहन को निविदा से किसी भी समय बिना कोई कारण बताए वापिस लेने का अधिकार है ।

19. किसी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या रद्द करने का अधिकार एसटीसी के पास सुरक्षित है ।

( सुरेश कश्यप)
उप प्रबंधक(प्रशासन)

10.7.2015 टेंडर स्टाफ कार

निविदा फार्म

# स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

( भारत सरकार का एक उधम )

जवाहर व्यापार भवन,टालस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली

सं.-निविदा सूचना सं. एसटीसी/एनडी/निपटान/पुरानी कारें/2015 -16

दिनांक: 24नवम्बर 2015

महोदय,

मैं / हम / मैसर्स ------------------------------------------------------------------ कम्पनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कम्पनी / फर्मों के रजिस्टार के साथ पंजीकृत एक व्यक्ति/ प्रोपराइटरी ------------------------------ व्यवसाय / साझेदारी ---------------------- फर्म ने प्रतिनिधि के माध्यम से इस निविदा को पढ़ लिया है और समझ लिया है, तथा संदर्भित निविदा में उल्लेखित निबंधनों और शर्तों को स्वीकारं करते हैं । मैं / हम, एतदद्वारा प्रयोग की हुई / पुरानी कार ( कारों ) की खरीद के लिए नीचे उद्धरित मूल्य पर निविदा प्रस्तुत करते हैं :-

| क्रम सं. | कार की पंजीकरण संख्या | मेक एवं मॉडल | ऑफर की गयी राशि (रूपए) – शब्दों और अंकों दोनों में |
|---|---|---|---|
| 01. | डीएल 3 सी बीई-9363 | हुंडई एसेंट जीएलएस - 2004 | |
| 02. | डीएल 3 सी एडी -4867 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई- 2005 | |
| 03. | डीएल 3 सी एडी -3792 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई- 2005 | |
| 04. | डीएल 2 सीपी -1829 | मारुति एस्टीम वीएक्सआई- 2003 | |

1. डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर संख्या ( ) ------------------------------------------------------------------
दिनांक ------------------------------------------------------------------------------------------
रूपए --------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------ बैंक पर आहारित राशि धरोहर राशि के रूप में संलग्न है ।

2. बैंक का ब्यौरा ( ईएमडी की वापसी के लिए ): - बैंक का नाम ------------------------
खाता संख्या ------------------------------------------------------------------------------
आईएफएससी कोड -----------------------------------------------------------------------

3. मैं / हम सहमत हैं कि इस निविदा से होने वाले किसी विवाद या अंतर की स्थिति में, मैं / हम स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के निर्णय का पालन करेंगे, जिसका निर्णय अंतिम एवं हम पर बाध्यकर होगा ।
4. वाहन केवल सदाशयी / कानूनी उद्देश्य के लिए प्रयोग किया जाएगा ।

हस्ताक्षर -------------------------------
पता ------------------------------------
-------------------------------------------
टेलीफोन / मोबाइल संख्या -----------

प्रति –

संयुक्त महा प्रबंधक (प्रशासन),
दि एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड,
जवाहर व्यापार भवन, टालस्टॉय मार्ग,
नई दिल्ली - 110001

नोट – जो लागू न हो उसे काट दें ।

10.7.2015 टेंडर स्टाफ कार